## जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.01.2024 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद महोबा मे निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं पर किये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा दिनांक 06.01.2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में हुयी। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अभियंता एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर्स उपस्थित रहे:-

1. श्री सुमित कुमार, अधिशाषी अभियंता, (ई0/एम0) जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
2. श्री आशीष मौर्या, सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. महोबा।
3. श्री कमलेश बाजपेयी, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
4. श्री अशफॉक खान, डीटीएल, टीपीआई, सेन्सिस, महोबा।
5. श्री मल्लिकार्जुन रेड्डी, प्रोजेक्ट मैनेजर, शिहवर ग्राम समूह पेयजल परियोजना।
6. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल परियोजना।
7. श्री अभिषेक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना।
8. श्री मिराज, कंस्ट्रक्सन मैनेजर, सलैइया-नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना।
9. श्री रघुवंश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, कबरई ग्राम समूह पेयजल परियोजना।



### शिवहर ग्राम समूह पेयजल परियोजना

सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. एवं टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर द्वारा शिवहर परियोजना की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नानुसार बताया गयाः-

1. फ्लशिंग/टेस्टिंग- परियोजना के अन्तर्गत 63 गांवों के सापेक्ष 63 गांवों में फ्लशिंग/टेस्टिंग की गयी है। फ्लशिंग/टेस्टिंग किये गये 63 ग्रामों के सापेक्ष 63 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है। परियोजना के अन्तर्गत मात्र 55 ग्राम ऐसे हैं जिनमें पेयजलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है शेष 08 ग्रामों में ऑपरेशन एण्ड मेण्टीनेन्स की टीम पर्याप्त न होने के कारण नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नही हो पा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

2. **ओ0एच0टी0 एण्ड सी0डब्लू0आर0**– परियोजना के अन्तर्गत 18 ओएचटी तथा 06 सीडब्लूआर का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 18 ओएचटी तथा 06 सीडब्लूआर पर निर्माण कार्य पूर्ण कर फंक्सनल कर लिये गये हैं।
3. **ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस**– पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना के उक्त कार्यों को करने हेतु मैन पावर (लीकेज टीम, ज्वाइंटिंग टीम) तथा मशीनरी आवश्यकतानुसार नहीं लगायी जा रही है। जिससे पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग के कार्य समय से नहीं हो पा रहे है। परियोजना पर आवश्यकतानुसार पम्प आपरेटर तथा वाल्व ऑपरेटर नहीं रखे गये हैं जिससे ग्रामों में जल की आपूर्ति समयानुसार तथा नियमित रूप से नहीं हो पा रही है।
4. **हर घर जल सर्टिफिकेट**– परियोजना के अन्तर्गत 63 ग्रामों के सापेक्ष 43 ग्रामों के "हर घर जल" सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं।
5. **रोड़ रेस्टोरेशन**– परियोजना में रोड़ रेस्टोरेशन के अन्तर्गत 63 गांवों में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य किया जाना था। जिसमें से कुछ ग्रामों में अभी भी रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है तथा अधिकांश ग्रामों में इण्टर लाकिंग, खण्डजा एवं बीटी रोड़ का कार्य अभी शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर श्री मल्लिकार्जुन रेडडी को निर्देशित किया गया कि परियोजना के अन्तर्गत जिन ग्रामों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति हो रही है उनके "हर घर जल" सर्टिफिकेट प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करायें। आपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस की टीमें, ज्वाइंटिंग टीमें, लीकेज टीमें, पम्प ऑपरेटर, वाल्व ऑपरेटर तथा मशीनरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाकर परियोजना पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराकर 100 प्रतिशत घरों में प्रत्येकदशा में दिनांक 15.01.2024 तक नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें। रोड़ रेस्टोरेशन की उपलब्ध करायी गयी सूची में प्रत्येक गांव में टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक 15.01.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

**घवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल परियोजना**

सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. एवं टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर द्वारा घवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नानुसार बताया गयाः–

1. **फ्लशिंग/टेस्टिंग**– परियोजना के अन्तर्गत 97 गांवों के सापेक्ष 64 गांवों में फ्लशिंग/टेस्टिंग की गयी है। 97 ग्रामों के सापेक्ष 50 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है 47 ग्रामों में पेयजलापूर्ति किया जाना अभी शेष है। परियोजना के अन्तर्गत मात्र 10 ग्राम ऐसे हैं जिनमें पेयजलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है शेष 40 ग्रामों मे ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंश की टीम पर्याप्त न होने के कारण नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।
2. **ओ0एच0टी0 एण्ड सी0डब्लू0आर0**– परियोजना के अन्तर्गत 29 ओएचटी तथा 09 सीडब्लूआर का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 13 ओएचटी तथा 09 सीडब्लूआर पर सिविल का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 09 सीडब्लूआर के सापेक्ष मात्र 06 सीडब्लूआर फंक्सनल किये गये हैं परन्तु कोई भी ओएचटी फंक्सनल नहीं हुयी हैं। शेष 16 ओएचटी पर सिविल का कार्य पर्याप्त लेबर न होने के कारण अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है।
3. **ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस**– पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना के उक्त कार्यों को करने हेतु मैन पावर (लीकेज टीम, ज्वाइंटिंग टीम) तथा मशीनरी आवश्यकतानुसार नहीं लगायी जा रही है। जिससे पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग के कार्य समय से नहीं हो पा रहे है। परियोजना पर आवश्यकतानुसार पम्प आपरेटर तथा वाल्व ऑपरेटर नहीं रखे गये हैं।
4. **हर घर जल सर्टिफिकेट**– परियोजना के अन्तर्गत 97 ग्रामों के सापेक्ष 34 ग्रामों के "हर घर जल" सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं।

Scanned with OKEN Scanner

5. **रोड़ रेस्टोरेशन–** परियोजना में रोड़ रेस्टोरेशन के अन्तर्गत 97 गांवो में सी0सी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है, बी0ओ0ई0 एवं इण्टरलाकिंग का कार्य अभी शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सुनील कुमार पाण्डेय को निर्देशित किया गया कि परियोजना पर समस्त ओएचटी पर तत्काल आवश्यकतानुसार मैनपावर तथा मशीनरी लगाकर तीव्रता से (24×7) निर्माणकार्य पूर्ण कराते हुये शीघ्रातिशीघ्र फंक्शनल करायें। शेष बचे 03 सीडब्लूआर पर निर्माण कार्यो को पूर्ण कराते हुये प्रत्येक दशा में 15.01.2024 तक फंक्शनल करायें। जिन ग्रामों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति हो रही है उनके हर घर जल सर्टिफिकेट प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करायें। आपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस की टीमें, ज्वाइंटिंग टीमें, लीकेज टीमें, पम्प ऑपरेटर, वाल्व ऑपरेटर मशीनरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाकर परियोजना पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराकर सभी 97 ग्रामों के 100 प्रतिशत घरों में प्रत्येकदशा में 30.01.2024 तक नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें। रोड़ रेस्टोरेशन की उपलब्ध करायी गयी सूची में प्रत्येक गांव में टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक 30.01.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

<u>लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना</u>

सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. एवं टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर द्वारा लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नानुसार बताया गया:–

1. **फ्लशिंग / टेस्टिंग–** परियोजना के अन्तर्गत 79 गांवों के सापेक्ष 77 गांवों में फ्लशिंग / टेस्टिंग की गयी है। 79 ग्रामों के सापेक्ष 59 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है 20 ग्रामों में पेयजलापूर्ति किया जाना अभी शेष है। परियोजना के अन्तर्गत मात्र 30 ग्राम ऐसे हैं जिनमें जलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है शेष 29 ग्रामों में ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंश की टीम पर्याप्त न होने के कारण नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।
2. **ओ0एच0टी0 एण्ड सी0डब्लू0आर0–** परियोजना के अन्तर्गत 32 ओएचटी तथा 10 सीडब्लूआर का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 23 ओएचटी तथा 10 सीडब्लआर पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 10 सीडब्लूआर एवं 19 ओएचटी फंक्सनल किये गये है। 13 ओएचटी फंक्सनल किया जाना अभी शेष हैं। शेष 09 ओएचटी पर सिविल का कार्य पर्याप्त मैन पावर न होने के कारण अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है।
3. **ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस–** पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है। जिससे फ्लशिंग किये गये अधिकांश ग्रामों में जलापूर्ति नही हो पा रही है। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना के उक्त कार्यों को करने हेतु मैन पावर (लीकेज टीम, ज्वाइंटिंग टीम) तथा मशीनरी आवश्यकतानुसार नहीं लगायी जा रही है। जिससे पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग के कार्य समय से नहीं हो पा रहे है।
4. **हर घर जल सर्टिफिकेट–** परियोजना के अन्तर्गत 79 ग्रामों के सापेक्ष 45 ग्रामों के "हर घर जल" सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं।
5. **रोड़ रेस्टोरेशन–** परियोजना में रोड़ रेस्टोरेशन के अन्तर्गत 79 गांवों में सी0सी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है, बी0ओ0ई0 एवं इण्टर लाकिंग का कार्य अभी शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अभिषेक कुमार को निर्देशित किया गया कि परियोजना पर शेष बचे ओएचटी पर तत्काल आवश्यकतानुसार मैनपावर तथा मशीनरी लगाकर तीव्रता से (24×7) निर्माणकार्य कराते हुये शीघ्रातिशीघ्र फंक्सनल करायें। जिन ग्रामों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति हो रही है उनके हर घर जल सर्टिफिकेट प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करायें। आपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस की टीमें, ज्वाइंटिंग टीमें, लीकेज टीमें, पम्प ऑपरेटर, वाल्व ऑपरेटर मशीनरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाकर परियोजना पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराकर सभी 79 ग्रामों के 100 प्रतिशत घरों में प्रत्येक दशा में 15.01.2024 तक नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें। रोड़ रेस्टोरेशन की उपलब्ध करायी गयी सूची में प्रत्येक गांव में

Scanned with OKEN Scanner

टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक 15.01.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

## सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना

सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. एवं टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर द्वारा सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नानुसार बताया गयाः–

1. **फ्लशिंग/टेस्टिंग–** परियोजना के अन्तर्गत 79 गांवों के सापेक्ष 64 गांवों में फ्लशिंग/टेस्टिंग की गयी है, 79 ग्रामों के सापेक्ष 40 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है, 39 ग्रामों में पेयजलापूर्ति किया जाना अभी शेष है। परियोजना के अन्तर्गत मात्र 20 ग्राम ऐसे हैं जिनमें पेयजलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है शेष 20 ग्रामों में ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंश की टीम पर्याप्त न होने के कारण नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।
2. **ओ0एच0टी0 एण्ड सी0डब्लू0आर0–** परियोजना के अन्तर्गत 40 ओएचटी तथा 22 सीडब्लूआर का निर्माण किया जाना है। जिसके सापेक्ष 30 ओएचटी तथा 21 सीडब्लूआर पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 40 ओएचटी के सापेक्ष मात्र 10 ओएचटी एवं 22 सीडब्लूआर के सापेक्ष मात्र 19 सीडब्लूआर फंक्सनल किये गये हैं। शेष 10 ओएचटी तथा 01 सीडब्लूआर पर सिविल का कार्य पर्याप्त मैन पावर न होने के कारण अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है।
3. **ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस–** पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग का कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा मैन पावर (लीकेज टीम, ज्वाइंटिंग टीम) तथा मशीनरी आवश्यकतानुसार नहीं लगायी जा रही है। जिससे पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग के कार्य समय से नहीं हो पा रहे है। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना पर आवश्यकतानुसार पम्प आपरेटर तथा वाल्व ऑपरेटर नहीं रखे गये हैं।
4. **हर घर जल सर्टिफिकेट–** परियोजना के अन्तर्गत 79 ग्रामों के सापेक्ष 22 ग्रामों के "हर घर जल" सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं।
5. **रोड़ रेस्टोरेशन–** परियोजना में रोड़ रेस्टोरेशन के अन्तर्गत 79 गांवों में सी0सी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है, बी0ओ0ई0 एवं इण्टरलाकिंग का कार्य अभी शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कंस्ट्रक्सन मैनेजर श्री मिराज को निर्देशित किया गया कि परियोजना पर शेषबचे ओएचटी तथा सीडब्लूआर पर तत्काल आवश्यकतानुसार मैनपावर तथा मशीनरी लगाकर तीव्रता से (24×7) निर्माणकार्य पूर्ण कराते हुये शीघ्रातिशीघ्र फंक्सनल करायें। जिन ग्रामों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति हो रही है उनके हर घर जल सर्टिफिकेट प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करायें। आपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस की टीमें, ज्वाइंटिंग टीमें, लीकेज टीमें, पम्प ऑपरेटर, वाल्व ऑपरेटर मशीनरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाकर परियोजना पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराकर सभी 79 ग्रामों के 100 प्रतिशत घरों में प्रत्येकदशा में 25.01.2024 तक नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें। रोड़ रेस्टोरेशन की उपलब्ध करायी गयी सूची में प्रत्येक गांव में टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक 25.01.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

## कबरई ग्राम समूह पेयजल परियोजना

सहायक अभियंता, एस.डब्लू.एस.एम. एवं टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर द्वारा कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नानुसार बताया गयाः–

1. **फ्लशिंग/टेस्टिंग** परियोजना के अन्तर्गत 39 गांवों के सापेक्ष 28 गांवों में फ्लशिंग/टेस्टिंग की गयी है, 39 ग्रामों के सापेक्ष 16 ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है, 23 ग्रामों में पेयजलापूर्ति किया जाना अभी शेष है। परियोजना के अन्तर्गत मात्र 14 ग्राम ऐसे हैं जिनमें पेयजलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है शेष 02 ग्रामों में ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंश की टीम पर्याप्त न होने के कारण नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

2. **ओ0एच0टी0 एण्ड सी0डब्लू0आर0**– परियोजना के अन्तर्गत 13 ओएचटी तथा 09 सीडब्लूआर का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 13 ओएचटी तथा 09 सीडब्लआर पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है किंतु मात्र 07 ओएचटी एवं 05 सीडब्लूआर फंक्सनल किये गये हैं। 06 ओएचटी एवं 04 सीडब्लूआर फंक्सनल किया जाना अभी शेष है।

3. **ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस**– पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग का कार्य शेष है जिससे फ्लशिंग किये गये अधिकांश ग्रामों में जलापूर्ति नही हो पा रही है। कार्यदायी संस्था द्वारा मैन पावर (लीकेज टीम, ज्वाइंटिंग टीम) तथा मशीनरी आवश्यकतानुसार पर्याप्त नहीं लगायी जा रही है। जिससे पाइप लाइनों में लीकेज तथा ज्वाइंटिंग के कार्य समय से नहीं हो पा रहे है।

4. **हर घर जल सर्टिफिकेट**– परियोजना के अन्तर्गत 39 ग्रामों के सापेक्ष 16 ग्रामों के "हर घर जल" सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं।

5. **रोड़ रेस्टोरेशन**– परियोजना में रोड़ रेस्टोरेशन के अन्तर्गत 39 गावों में सी0सी0 रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अत्यधिक धीमी गति से किया जा रहा है, बी0ओ0ई0 तथा इण्टरलांकिग का कार्य अभी शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रघुवंश शर्मा को निर्देशित किया गया कि परियोजना के अन्तर्गत शेष बचे हुये ओएचटी एवं सीडब्लूआर को शीघ्रातिशीघ्र फंक्सनल करायें। जिन ग्रामों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति हो रही है उनके हर घर जल सर्टिफिकेट प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करायें। आपरेशन एण्ड मेन्टीनेंस की टीमें, ज्वांइटिंग टीमें, लीकेज टीमें, पम्प ऑपरेटर, वाल्व ऑपरेटर तथा मशीनरी को आवश्यकतानुसार बढ़ाकर परियोजना पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराकर सभी 39 ग्रामों के 100 प्रतिशत घरों में प्रत्येक दशा में 15.01.2024 तक नियमित रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें। रोड़ रेस्टोरेशन की उपलब्ध करायी गयी सूची में प्रत्येक गांव में टीम बढ़ाकर रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक 15.01.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर्स को निर्देशित किया गया कि उक्त समस्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

अन्ततः धन्यवाद के साथ समीक्षा बैठक समाप्त हुयी।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

पत्रांकः 455/एस0टी0–जे0जे0एम0 बैठक/2024 दिनांकः 09 जनवरी,2024

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्य को अपने सतत पर्यवेक्षण में पूर्ण करायें। (द्वारा ई–मेल)
3. अधिशाषी अभियंता (वि0/यां0) जल निगम (ग्रामीण) महोबा।(द्वारा ई–मेल)
4. डीटीएल, टीपीआई, सेन्सिस महोबा को इस निर्देश के साथ कि परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों को निर्धारित डिजाइन, ड्राइंग एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार करायें एवं समय–समय पर मटैरियल की जांच हेतु सैम्पल भिजवायें। (द्वारा ई–मेल)
5. उपरोक्त समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर्स को अनुपालनार्थ।(द्वारा ई–मेल)

09/01/24

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner